5.	The Head-Examiner must go through the first five answer books evaluated by each evaluator on the first day, to ensure that evaluation has been carried out as per the instructions given in the Marking Scheme. If there is any variation, the same should be zero after delibration and discussion. The remaining answer books meant for evaluation shall be given only after ensuring that there is no significant variation in the marking of individual evaluators.
6.	Evaluators will mark (√) wherever answer is correct. For wrong answer CROSS 'X" be marked. Evaluators will not put right (✓) while evaluating which gives an impression that answer is correct and no marks are awarded. **This is most common mistake which evaluators are committing.**
7.	If a question has parts, please award marks on the right-hand side for each part. Marks awarded for different parts of the question should then be totaled up and written in the left-hand margin and encircled. This may be followed strictly.
8.	If a question does not have any parts, marks must be awarded in the left-hand margin and encircled. This may also be followed strictly.
9.	If a student has attempted an extra question, answer of the question deserving more marks should be retained and the other answer scored out with a note **"Extra Question"**.
10.	No marks to be deducted for the cumulative effect of an error. It should be penalized only once.
11.	A full scale of marks _____80_____(example 0 to 80/70/60/50/40/30 marks as given in Question Paper) has to be used. Please do not hesitate to award full marks if the answer deserves it.
12.	Every examiner has to necessarily do evaluation work for full working hours i.e., 8 hours every day and evaluate 20 answer books per day in main subjects and 25 answer books per day in other subjects (Details are given in Spot Guidelines).

13.	Ensure that you do not make the following common types of errors committed by the Examiner in the past:- Giving more marks for an answer than assigned to it. ● Wrong totaling of marks awarded on an answer. ● Wrong transfer of marks from the inside pages of the answer book to the title page. Wrong question wise totaling on the title page. ● Leaving answer or part thereof unassessed in an answer book. ● Wrong totaling of marks of the two columns on the title page. ● Wrong grand total. ● Marks in words and figures not tallying/not same. ● Wrong transfer of marks from the answer book to online award list. ● Answers marked as correct, but marks not awarded. (Ensure that the right tick mark is correctly and clearly indicated. It should merely be a line. Same is with the X for incorrect answer.) ● Half or a part of answer marked correct and the rest as wrong, but no marks awarded.
14.	While evaluating the answer books if the answer is found to be totally incorrect, it should be marked as cross (X) and awarded zero (0)Marks.
15.	Any un assessed portion, non-carrying over of marks to the title page, or totaling error detected by the candidate shall damage the prestige of all the personnel engaged in the evaluation work as also of the Board. Hence, in order to uphold the prestige of all concerned, it is again reiterated that the instructions be followed meticulously and judiciously.
16.	The Examiners should acquaint themselves with the guidelines given in the "**Guidelines for spot Evaluation**" before starting the actual evaluation.
17.	Every Examiner shall also ensure that all the answers are evaluated, marks carried over to the title page, correctly totaled and written in figures and words.
18.	The candidates are entitled to obtain photocopy of the Answer Book on request on payment of the prescribed processing fee. All Examiners/Additional Head Examiners/Head Examiners are once again reminded that they must ensure that evaluation is carried out strictly as per value points for each answer as given in the Marking Scheme.

Marking Scheme
Class X -Social Science (087)
SET-32/2/1

सेट -1 **अधिकतम अंक-80**

प्रश्न	मूल्य बिंदु	पृष्ठ सं.	अंक
	खण्ड क **(बहुविकल्पीय प्रश्न)**		**(20X1= 20)**
1	(B) आयरलैंड	**55 H**	**1**
2	सही विकल्प के अभाव में, इस प्रश्न का प्रयास करने वाले सभी परीक्षार्थियों को 1 अंक प्रदान किया जाना चाहिए।	**7,10, 11,13 H**	**1**
3	(A) स्पेनिश सैनिक	**55 H**	**1**
4	(C) केवल I, III और IV सही हैं।	**108 H**	**1**
5	(D) मानस बाघ रिज़र्व- असम	**15 G**	**1**
6	(A) केवल I, II और III सही हैं।	**14 G**	**1**
7	(C) a-iii, b-iv, c-i, d-ii	**24 G**	**1**
8	(B) महाराष्ट्र, मध्यप्रदेश, गुजरात तथा राजस्थान	**23 G**	**1**
9	(B) काली मृदा, हल्की वर्षा, उच्च तापमान और खिली धूप	**38 G**	**1**
10	(C) (A) सही है, परंतु (R) गलत है।	**54 G**	**1**
11	(A) a-ii, b-i, c-iv, d-iii	**53 G**	**1**
12	(B) यूरोपीय संघ	**5 P**	**1**
13	(C) बेल्जियम	**4 P**	**1**
14	(B) महाराष्ट्रवादी गोमांतक पार्टी- गोवा	**56 P**	**1**
15	(D) पाकिस्तान	**13 E**	**1**
16	(D) सकल घरेलु उत्पादन	**23 E**	**1**
17	(D) द्वितीयक **केवल दृष्टिबाधित परीक्षार्थियों के लिए-** (C) दूध बेचना	**20 E** **20 E**	**1** **1**
18	(D) 210	**31 E**	**1**
19	(B) III, II, IV, I	**48 E**	**1**
20	(A) कथन I और II दोनों सही हैं और कथन II, कथन I की सही व्याख्या है।	**62 E**	**1**

	खण्ड ख (अति लघु-उत्तरीय प्रश्न)		(4X2= 8)
21	**(क) भारत में उन्नीसवीं वीं सदी के अंत तक आते-आते इतिहास की पुनर्व्याख्या किस प्रकार राष्ट्रवाद की भावना पैदा करने का साधन बन गई? व्याख्या कीजिए।** (i) उन्नीसवीं सदी के अंत तक कई भारतीयों को लगने लगा कि राष्ट्र में गौरव की भावना पैदा करने के लिए भारतीय इतिहास के बारे में अलग ढंग से सोचना होगा। (ii) अंग्रेज भारतीयों को पिछड़ा और आदिम मानते थे, जो खुद पर शासन करने में असमर्थ थे। जवाब में, भारतीयों ने भारत की महान उपलब्धियों की खोज के लिए अतीत की ओर देखना शुरू किया। (iii) उन्होंने प्राचीन काल के गौरवशाली विकासों के बारे में लिखा जब कला और वास्तुकला, विज्ञान और गणित, धर्म और संस्कृति, कानून और दर्शन, शिल्प और व्यापार विकसित हुए थे। (iv) उनके विचार में, इस गौरवशाली समय के बाद पतन का इतिहास आया, जब भारत का उपनिवेशिकरण हुआ। (v) इन राष्ट्रवादी इतिहासकारों ने पाठकों से अतीत में भारत की महान उपलब्धियों पर गर्व करने और ब्रिटिश शासन के तहत दुर्दशा से मुक्ति के लिए संघर्ष करने का आग्रह किया। (vi) कोई अन्य प्रासंगिक बिंदु। **(किन्हीं दो बिन्दुओं की व्याख्या अपेक्षित है।)** **अथवा** **(ख) भारत के राष्ट्रीय आन्दोलन में चिह्नों और प्रतीकों ने किस प्रकार लोगों में राष्ट्रवाद की भावना पैदा करने में योगदान दिया? व्याख्या कीजिए।** (i) राष्ट्र की पहचान को अक्सर किसी आकृति या छवि में दर्शाया जाता है। इससे एक ऐसी छवि बनाने में मदद मिलती है जिससे लोग राष्ट्र की पहचान कर सकें। (ii) बीसवीं सदी में, राष्ट्रवाद के विकास के साथ भारत की पहचान भारत माता की छवि के रूप मे होने लगी। इस छवि का आरम्भ सबसे पहले बंकिम चंद्र चट्टोपाध्याय ने वन्देमातरम गीत के द्वारा किया । (iii) स्वदेशी आंदोलन से प्रेरित होकर, अबनीन्द्रनाथ टैगोर ने भारत माता की अपनी प्रसिद्ध छवि चित्रित की। (iv) बंगाल में स्वदेशी आंदोलन के दौरान, एक तिरंगा झंडा (लाल, हरा और पीला) तैयार किया गया था। इसमें आठ कमल थे जो ब्रिटिश भारत के आठ प्रांतों का प्रतिनिधित्व करते थे, और एक अर्धचंद्र था, जो हिंदुओं और मुसलमानों का प्रतिनिधित्व करता था।	**48 H** **47 H**	**2X1=2** **2X1=2**

	(v) 1921 तक, गांधीजी ने स्वराज का झंडा तैयार कर लिया था। यह फिर से एक तिरंगा (लाल, हरा और सफेद) था और इसके मध्य में गांधीवादी प्रतीक चरखे को जगह दी गयी थी। (vi) जुलुसों के दौरान झंडा उठाना, उसे ऊंचा रखना, अवज्ञा का प्रतीक बन गया। (vii) कोई अन्य प्रासंगिक बिंदु। **(किन्हीं दो बिन्दुओं की व्याख्या अपेक्षित है।)**		
22	**संसाधनों के विवेकपूर्ण उपयोग के लिए नियोजन क्यों आवश्यक है? व्याख्या कीजिए।** (i) संसाधनों के विवेकपूर्ण उपयोग के लिए नियोजन एक सर्वमान्य रणनीति है। (ii) भारत जैसे देश में जहां संसाधनों की उपलब्धता में भारी विविधता है, यह और भी महत्वपूर्ण है। (iii) ऐसे प्रदेश भी हैं जहां एक तरह के संसाधनों की प्रचुरता है लेकिन कुछ अन्य संसाधनों की कमी है। (iv) कुछ क्षेत्र ऐसे हैं जिन्हें संसाधनों की उपलब्धता के मामले में आत्मनिर्भर माना जा सकता है और कुछ क्षेत्र ऐसे हैं जिनमें कुछ महत्वपूर्ण संसाधनों की भारी कमी है। (v) उदाहरण के लिए, झारखंड, छत्तीसगढ़ और मध्य प्रदेश आदि प्रान्तों में खनिजों और कोयले के प्रचुर भण्डार है। (vi) अरुणाचल प्रदेश में जल संसाधन प्रचुर मात्रा में हैं परंतु मूल विकास का अभाव है। (vii) राजस्थान सौर और पवन ऊर्जा में बहुत समृद्ध है लेकिन जल संसाधनों की कमी है। (viii) लद्दाख का शीत मरुस्थल देश के बाकी हिस्सों से अलग-थलग पड़ता है। इसकी सांस्कृतिक विरासत बहुत समृद्ध है लेकिन इसमें जल, आधारभूत अवसंरचना और कुछ महत्वपूर्ण खनिजों की कमी है। (ix) इसलिए राष्ट्रीय, प्रांतीय, प्रादेशिक, स्थानीय स्तर पर संतुलित संसाधन नियोजन की आवश्यकता है। (x) कोई अन्य प्रासंगिक बिंदु। **(किन्हीं दो बिन्दुओं की व्याख्या अपेक्षित है।)**	**2 G**	**2X1=2**
23	**भारत में धर्म-निरपेक्ष शासन के मॉडल को स्थापित करने के लिए संविधान में किए गए किन्हीं दो प्रावधानों का वर्णन कीजिए।** (i) भारतीय राज्य ने किसी भी धर्म को राजकीय धर्म के रूप में अंगीकार नहीं किया है। (ii) हमारा संविधान किसी भी धर्म को विशेष दर्जा नहीं देता है। (iii) सभी व्यक्तियों और समुदायों को किसी भी धर्म को मानने, आचरण करने और प्रचार करने या किसी का पालन न करने की स्वतंत्रता प्रदान करता है।	**37 P**	**2X1=2**

	(iv) संविधान धर्म के आधार पर किए जाने वाले किसी तरह के भेदभाव को अवैधानिक घोषित करता है। (v) साथ ही, संविधान राज्य को धार्मिक समुदायों के भीतर समानता सुनिश्चित करने के लिए धर्म के मामलों में हस्तक्षेप करने की अनुमति देता है। उदाहरण के लिए, यह अस्पृश्यता पर प्रतिबंध लगाता है। (vi) कोई अन्य प्रासंगिक बिंदु। **(किन्हीं दो बिन्दुओं का वर्णन अपेक्षित है।)**		
24	**"देशों के बीच परस्पर संबंध और तीव्र एकीकरण की प्रक्रिया ही वैश्वीकरण है।" उदाहरणों सहित इस कथन की व्याख्या कीजिए।** (i) देशों के बीच विदेशी व्यापार तेजी से बढ़ रहा है। (ii) अधिकांश बहुराष्ट्रीय कंपनियों की गतिविधियों में सेवाओं और वस्तुओं में बड़े पैमाने पर व्यापार शामिल होता है। (iii) अधिक विदेशी निवेश के परिणामस्वरूप उत्पादन का एकीकरण होता है। (iv) अधिक विदेशी व्यापार के कारण विभिन्न देशों के बाजारों का एकीकरण हुआ। (v) विभिन्न देशों के बीच अधिक से अधिक वस्तुओं और सेवाओं, निवेश और प्रौद्योगिकी का आदान-प्रदान हो रहा है। (vi) विगत कुछ दशकों की तुलना में विश्व के अधिकांश भाग एक दूसरे के अपेक्षाकृत अधिक संपर्क में आये हैं। (vii) कोई अन्य प्रासंगिक बिंदु। **(किन्हीं दो बिन्दुओं की व्याख्या अपेक्षित है।)**	**61 E**	**2X1=2**
	खण्ड ग **(लघु-उत्तरीय प्रश्न)**		**(5X3= 15)**
25	**महात्मा गांधी ने असहयोग आन्दोलन वापस लेने का फैसला क्यों किया? किन्हीं तीन कारणों का विश्लेषण कीजिए।** (i) फरवरी 1922 में, महात्मा गांधी ने असहयोग आंदोलन वापस लेने का फैसला किया। (ii) उन्हें लगा कि आंदोलन कई जगहों (जैसे चौरी-चौरा) पर हिंसक हो रहा है और बड़े पैमाने पर संघर्षों के लिए तैयार होने से पहले सत्याग्रहियों को उचित रूप से प्रशिक्षित करने की आवश्यकता है। (iii) कांग्रेस के भीतर, कुछ नेता इस तरह के जनसंघर्षों से थक चुके थे। (iv) वे 1919 के गवर्नमेंट ऑफ़ इंडिया एक्ट के तहत गठित की गई प्रांतीय परिषदों के चुनावों में भाग लेना चाहते थे।	**38 H**	**3X1=3**

	(v) उन्हें लगता था कि परिषदों में रहते हुए ब्रिटिश नीतियों का विरोध करना, सुधारों की वकालत करना और यह दिखाना भी महत्वपूर्ण है कि ये परिषदें लोकतांत्रिक नहीं हैं। (vi) सी. आर. दास और मोतीलाल नेहरू ने परिषद राजनीति में वापस लौटने के लिए कांग्रेस के भीतर ही स्वराज पार्टी का गठन किया। (vii) लेकिन जवाहरलाल नेहरू और सुभाष चंद्र बोस जैसे युवा नेताओं ने अधिक उग्र जन आंदोलन और पूर्ण स्वतंत्रता के लिए दबाव बनाए हुए थे। (viii) कोई अन्य प्रासंगिक बिंदु। **(किन्हीं तीन बिन्दुओं का विश्लेषण अपेक्षित है।)**		
26	**रिंझा की कहानी पढ़िए और नीचे दी गए प्रश्न के उत्तर दीजिए-** **रिंझा की कहानी** रिंझा असम में डिफु के बाहरी क्षेत्र में अपने परिवार के साथ एक गाँव में रहती है। वह अपने परिवार के सदस्यों द्वारा एक भूमि के टुकड़े पर उगी वनस्पति को काटकर व जलाकर साफ करते देखकर आनन्द का अनुभव करती है। वह प्राय: परिवार के सदस्यों के साथ बाँस के नाले द्वारा झरने से पानी लाकर अपने खेत को सिंचित करने में सहायता करती है। वह अपने परिवेश से लगाव रखती है और जब तक संभव हो यहाँ रहना चाहती है, परन्तु इस छोटी बच्ची को अपने खेत में मिट्टी की घटती उर्वरता के बारे में कुछ भी पता नहीं है जिसके कारण उसके परिवार को अगले वर्ष नए भूमि के टुकड़े की तलाश करनी होगी। **रिंझा को कोई तीन उपाय सुझाइए जिससे उसके खेत की मिट्टी की उर्वरता लम्बे समय तक बनी रहे।** (i) फसल चक्र विधि का प्रयोग। (ii) खाद का उपयोग। (iii) फलियों वाली फसलें उगाना (iv) कीटों और पादप रोगों का प्रबंधन। (v) कोई अन्य प्रासंगिक बिंदु। **(किन्हीं तीन बिन्दुओं का वर्णन अपेक्षित है।)**	**31 G**	**3X1=3**
27	**"सरकारी फैसलों ने धीरे-धीरे श्रीलंकाई तमिलों की नाराजगी और शासन को लेकर उनमें बेगानापन बढाया।" इस कथन की व्याख्या कीजिए।** (i) 1956 में, एक क़ानून बनाया गया जिसके तहत तमिल को दरकिनार करके सिंहली को एकमात्र राजभाषा घोषित कर दिया गया। (ii) विश्वविद्यालयों और सरकारी नौकरियों में सिंहलियों को प्राथमिकता देने की नीति भी चली।	**3 P**	**3X1=3**

	(iii) नए संविधान में यह प्रावधान भी किया गया कि सरकार बौद्ध मत को संरक्षण और बढ़ावा देगी। (iv) इन सरकारी फैसलों ने श्रीलंकाई तमिलों की नाराजगी और शासन को लेकर उनमें बेगानापन बढाया। (v) उन्हें लगा कि बौद्ध धर्मावलंबी सिंहली नेताओं के नेतृत्व वाले राजनीतिक दल उनकी भाषा और संस्कृति के प्रति संवेदनशील नहीं हैं। (vi) उन्हें लगा कि संविधान और सरकारी नीतियाँ उन्हें समान राजनीतिक अधिकारों से वंचित कर रही है । (vii) नौकरियों और फायदे के अन्य कामों में उनके साथ भेदभाव हो रहा है और उनके हितों की अनदेखी की जा रही है। (viii) कोई अन्य प्रासंगिक बिंदु। **(किन्हीं तीन बिन्दुओं की व्याख्या अपेक्षित है।)**		
28	**(क) राजनीतिक दलों के तीन प्रमुख कार्यों का वर्णन कीजिए।** (i) राजनीतिक दल चुनाव लड़ने के लिए अपने उम्मीदवारों का चयन करते हैं । (ii) दल अलग-अलग नीतियाँ और कार्यक्रम मतदाताओं के सामने रखते हैं और मतदाता उनमें से अपनी पसंद की नीतियां चुनते हैं। (iii) दल किसी देश के लिए कानून बनाने में निर्णायक भूमिका निभाते हैं। (iv) दल सरकारें बनाते और चलाते हैं। दल सरकार चलाने के लिए नेताओं की भर्ती करते हैं, उन्हें प्रशिक्षित करते हैं और फिर उन्हें मंत्री बनाते हैं। (v) जो दल चुनाव हार जाते हैं, वे विरोधी पक्ष की भूमिका निभाते हैं। (vi) सरकार की विफलताओं या गलत नीतियों के लिए आलोचना करने के साथ अपनी अलग राय भी रखते हैं । (vii) दल मुद्दों को उठाकर और उजागर करके जनतमत निर्माण में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। (viii) दल कभी-कभी लोगों की समस्याओं के समाधान के लिए आंदोलन भी चलाते हैं। (ix) दल लोगों को सरकारी मशीनरी और सरकारों द्वारा कार्यान्वित कल्याणकारी योजनाओं तक पहुँच प्रदान करते हैं। (x) कोई अन्य प्रासंगिक बिंदु। **(किन्हीं तीन बिन्दुओं का वर्णन अपेक्षित है।)** **अथवा**	**48 P**	**3X1=3**

	(ख) भारत में राजनीतिक दलों के समक्ष तीन प्रमुख चुनौतियों का वर्णन कीजिए। (i) दुनिया भर में पार्टियों के भीतर आंतरिक लोकतंत्र की कमी है- पार्टियों के पास न सदस्यों की खुली सूची होती है, न नियमित रूप से सांगठनिक बैठकें होती हैं और नियमित रूप से आंतरिक चुनाव भी नहीं होते हैं। (ii) अधिकांश राजनीतिक दल अपना कामकाज पारदर्शी तरीके से नहीं करते हैं। अनेक दलों में शीर्ष पदों पर हमेशा एक ही परिवार के सदस्यों का नियंत्रण होता है। (iii) दलों में, विशेषकर चुनावों के दौरान, धन और बाहुबल की भूमिका बढ़ रही है। (iv) दल केवल चुनाव जीतने पर ध्यान केंद्रित करते हैं, इसलिए वे चुनाव जीतने के लिए जायज-नाजायज तरीका अपनाने से परहेज़ नहीं करते हैं। (v) अक्सर राजनीतिक दल मतदाताओं को कोई सार्थक विकल्प प्रदान नहीं करते हैं। (vi) कोई अन्य प्रासंगिक बिंदु। **(किन्हीं तीन बिन्दुओं का वर्णन अपेक्षित है।)**	**57 P**	**3X1=3**
29	**भारत में कृषि के क्षेत्र में अल्प बेरोज़गारी की समस्या का विश्लेषण कीजिए।** (i) कृषि में आवश्यकता से अधिक लोग कार्यरत हैं। इसका मतलब है अगर कुछ लोगों को कृषि क्षेत्र से हटा देते हैं तो भी उत्पादन प्रभावित नहीं होता। दूसरे शब्दों में, कृषि क्षेत्र में श्रमिक अल्प-बेरोज़गार हैं। (ii) एक परिवार के सभी सदस्य साल भर खेतों में काम करते हैं। क्योंकि उन्हें कहीं और रोज़गार उपलब्ध नहीं है, प्रत्येक व्यक्ति काम कर रहा है, कोई बेकार नहीं है। परंतु, वास्तव में उनका श्रम-प्रयास विभाजित है। (iii) हर कोई कुछ काम कर रहा है लेकिन किसी को भी पूर्ण रोज़गार प्राप्त नहीं है। यह अल्परोज़गारी की स्थिति है, जहां लोग प्रत्यक्ष तौर पर काम तो कर रहे हैं, लेकिन सभी अपनी क्षमता से कम काम कर रहे हैं। (iv) इस प्रकार की अल्प बेरोज़गारी को छिपी हुई कहते हैं क्योंकि यह उन लोगों की बेरोज़गारी जिनके पास कोई रोज़गार नहीं है और बेकार बैठे हुए हैं, से अलग है। इसलिए इसे प्रच्छन्न बेरोज़गारी भी कहा जाता है (v) कोल्ड स्टोरेज, शहद संग्रह केंद्र, सब्जी प्रसंस्करण उद्योग आदि खोलने जैसे अतिरिक्त अवसर प्रदान करके अतिरिक्त श्रमिकों को लाभप्रद रूप से नियोजित किया जा सकता है। (vi) कोई अन्य प्रासंगिक बिंदु। **(किन्हीं तीन बिन्दुओं का विश्लेषण अपेक्षित है।)**	**26 E**	**3X1=3**

	खण्ड घ (दीर्घ-उत्तरीय प्रश्न)		(4X5= 20)
30	**(क) फ़्रांस की क्रांति ने यूरोप में किस प्रकार राष्ट्रवाद की भावना का संचार किया? उपयुक्त तर्कों सहित व्याख्या कीजिए।** (i) राष्ट्रवाद की पहली स्पष्ट अभिव्यक्ति 1789 में फ्रांसीसी क्रांति के साथ हुई। (ii) फ्रांसीसी क्रांति के कारण प्रभुसत्ता राजतंत्र से निकल कर फ्रांसीसी नागरिकों के समूह में हस्तांतरित हो गई। (iii) फ्रांसीसी क्रांतिकारियों ने विभिन्न कदम उठाए जिनसे फ़्रांसिसी लोगों में सामूहिक पहचान की भावना पैदा हो सकती थी। (iv) क्रांतिकारियों ने घोषणा की कि फ़्रांसिसी राष्ट्र का यह भाग्य और लक्ष्य था कि वह यूरोप के लोगों को निरंकुश शासकों से मुक्त कराए, दूसरे शब्दों में फ्रांस यूरोप के अन्य लोगों को राष्ट्रों में गठित होने में मदद देगा। (v) जब फ्रांस की घटनाओं की खबर यूरोप के विभिन्न शहरों तक पहुंची, तो छात्र और शिक्षित मध्य वर्गों के अन्य सदस्य जैकोबिन क्लब की स्थापना करने लगे। (vi) उनकी गतिविधियों और अभियानों ने फ्रांसीसी सेनाओं के लिए रास्ता तैयार किया जो 1790 के दशक में हॉलैंड, बेल्जियम, स्विट्ज़रलैंड और इटली के अधिकांश हिस्सों में घुसे। (vii) क्रांतिकारी युद्धों के फैलने के साथ, फ्रांसीसी सेनाओं ने राष्ट्रवाद के विचार को विदेशों में ले जाना शुरू कर दिया। (viii) कोई अन्य प्रासंगिक बिंदु। **(किन्हीं पाँच बिन्दुओं की व्याख्या अपेक्षित है।)** **अथवा** (**ख**) **यूनान के स्वतंत्रता संग्राम ने किस प्रकार यूरोप में राष्ट्रवादी भावनाओं का संचार किया**? **उपयुक्त तर्कों सहित व्याख्या कीजिए।** (i) एक घटना जिसने पूरे यूरोप के शिक्षित अभिजात वर्ग में राष्ट्रवादी भावनाओं का संचार किया वह थी- यूनान का स्वतंत्रता संग्राम। (ii) यूनान पंद्रहवीं शताब्दी से ऑटोमन साम्राज्य का हिस्सा था। (iii) यूरोप में क्रांतिकारी राष्ट्रवाद की प्रगति से यूनानियों का आज़ादी के लिए संघर्ष 1821 में आरम्भ हो गया। (iv) यूनान में राष्ट्रवादियों को निर्वासन में रह रहे अन्य यूनानियों और कई पश्चिमी यूरोपीय लोगों का भी समर्थन मिला, जो प्राचीन यूनानी संस्कृति के प्रति सहानुभूति रखते थे। (v) कवियों और कलाकारों ने यूनान को यूरोपीय सभ्यता का पालना बता कर प्रशंसा की और एक मुस्लिम साम्राज्य के विरुद्ध यूनान के संघर्ष के लिए जनमत जुटाया।	**5 H** **13 H**	**5X1=5** **5X1=5**

	(vi) अंग्रेजी कवि लॉर्ड बायरन ने धन की व्यवस्था की और बाद में युद्ध में लड़ने भी गए, जहां 1824 में बुखार से उनकी मृत्यु हो गई। (vii) अंततः, 1832 की कुस्तुनतुनिया की संधि ने यूनान को एक स्वतंत्र राष्ट्र के रूप में मान्यता दी। (viii) कोई अन्य प्रासंगिक बिंदु। **(किन्हीं पाँच बिन्दुओं की व्याख्या अपेक्षित है।)**		
31	**(क) वायु प्रदुषण में वृद्धि के लिए उद्योगों की भूमिका की व्याख्या कीजिए तथा इसकी रोकथाम के लिए उपाय सुझाइए।** **वायु प्रदूषण बढ़ाने में उद्योगों की भूमिका-** (i) वायु प्रदूषण सल्फर डाइऑक्साइड और कार्बन मोनोऑक्साइड जैसी अअनचाही गैसों की अधिक अनुपात में उपस्थिति के कारण होता है। (ii) वायु में निलंबित कणनुमा पदार्थों में ठोस व द्रवीय दोनों हीं प्रकार के कण होते हैं जैसे धूलि, स्प्रे, कुहासा और धुआं। (iii) रसायन व कागज़ उद्योग, इंटों के भट्टे, तेल शोधनशालाएं, प्रगलन उद्योग, जीवाश्म ईंधन दहन तथा छोटे-बड़े कारखाने प्रदूषण के नियमों का उल्लंघन करते हुए धुआँ निष्काषित करते हैं। (iv) जहरीली गैस का रिसाव बहुत भयानक तथा दूरगामी प्रभावों वाला हो सकता है। (v) कोई अन्य प्रासंगिक बिंदु। **(किन्हीं दो बिन्दुओं की व्याख्या अपेक्षित है।)** **वायु प्रदूषण को नियंत्रित करने के सुझाव-** (i) वायु में निलंबित प्रदुषण को कम करने के लिए कारखानों में चिमनियों की ऊंचाई बढ़ाकर। (ii) चिमनियो में निम्नलिखित उपकरण लगाना- a. इलेक्ट्रोस्टैटिक अवक्षेपण, b. फैब्रिक फिल्टर, c. स्क्रबर और d. जड़त्वीय विभाजक। (iii) कारखानों में कोयले के स्थान पर तेल या गैस का उपयोग करके धुएँ के निष्कासन को कम किया जा सकता है। (iv) नवीकरणीय ऊर्जा स्रोतों को बढ़ावा देकर। (v) कोई अन्य प्रासंगिक बिंदु। **(किन्हीं तीन बिन्दुओं का वर्णन अपेक्षित है।)** **अथवा**	**66 G**	**2+3=5**

	(ख) पर्यावरणीय निम्नीकरण की रोकथाम के लिए 'राष्ट्रीय ताप विद्युतगृह (NTPC)' द्वारा किए गए उपायों की व्याख्या कीजिए। (i) यह निगम प्राकृतिक पर्यावरण और संसाधन जैसे जल, खनिज तेल, गैस तथा इंधन संरक्षण नीति का हिमायती है तथा इन्हें ध्यान में रखकर हीं विद्युत संयंत्रों की स्थापना करता है। (ii) आधुनिकतम तकनीकों पर आधारित उपकरणों का सही उपयोग करके तथा विद्यमान उपकरणों में सुधार द्वारा यह संभव है । (iii) अधिकतम राख का इस्तेमाल कर अपशिष्ट पदार्थों का न्यून उत्पादन। (iv) पारिस्थितिक संतुलन बनाए रखने के लिए हरित क्षेत्र की सुरक्षा तथा वृक्षारोपण के लिए प्रेरित करना। (v) तरल अपशिष्ट प्रबंधन, राख युक्त जलीय पुनर्चक्रण तथा राख संग्रह प्रबंधन द्वारा पर्यावरण प्रदूषण को कम करना । (vi) सभी उर्जा संयंत्रों की पारिस्थितिकीय रूप से निगरानी तथा समीक्षा और ऑन-लाइन आंकड़ों का प्रबंधन करना। (vii) कोई अन्य प्रासंगिक बिंदु। **(किन्हीं पाँच बिन्दुओं की व्याख्या अपेक्षित है।)**	**68 G**	**5X1=5**
32	**(क) लोकतंत्र किस प्रकार अन्य शासन व्यवस्थाओं से बेहतर है? विश्लेषण कीजिए।** (i) लोकतांत्रिक सरकार नागरिकों के बीच समानता को बढ़ावा देती है; (ii) यह व्यक्ति की गरिमा को बढ़ाता है। (iii) इससे फैसले लेने में बेहतरी आती है। (iv) यह संघर्षों को टालने-सँभालने का तरीका देता है। (v) यह गलतियों को सुधारने की गुंजाइश देता है। (vi) यह सरकार का उत्तरदायी, जिम्मेवार और वैध रूप है। (vii) यह सामाजिक विविधताओं में सामंजस्य लाता है। (viii) कोई अन्य प्रासंगिक बिंदु। **(किन्हीं पाँच बिन्दुओं का विश्लेषण अपेक्षित है।)** **अथवा** **(ख) असमानता और गरीबी को कम करने में लोकतंत्र की भूमिका का विश्लेषण कीजिए।** (i) लोकतंत्र वंचित और भेदभाव से पीड़ित समूहों के समान दर्जे और समान अवसर के दावों को मजबूत करता है। (ii) लोकतंत्र राजनीतिक समानता पर आधारित हैं। प्रतिनिधियों को चुनने में सभी व्यक्तियों का समान महत्व होता है। (iii) लोकतंत्र आर्थिक स्थिति, भाषा, धर्म आदि के आधार पर भेदभाव को हतोत्साहित करता है।	**64 P** **69 P**	**5X1=5** **5X1=5**

	(iv) लोकतांत्रिक सरकारें सामाजिक और आर्थिक रूप से कमजोर वर्गों के लिए शैक्षणिक संस्थानों और सरकारी नौकरियों में आरक्षण जैसे विशेष प्रावधान करती हैं। (v) लोकतांत्रिक सरकारें गरीबी उन्मूलन के लिए योजनाएं बनती है। (vi) लोकतांत्रिक सरकारें रोजगार सृजन कार्यक्रम शुरू करती हैं। (vii) इसके बावजूद लोकतांत्रिक सरकारों में आर्थिक असमानताएं देखी गई हैं। (viii) कोई अन्य प्रासंगिक बिंदु। **(किन्हीं पाँच बिन्दुओं का विश्लेषण अपेक्षित है।)**		
33	**(क) देश के विकास का आकलन करने में आय किस प्रकार एक महत्वपूर्ण कारक है? विश्व बैंक द्वारा किए गए वर्गीकरण का उल्लेख कीजिए।** (i) देशों की तुलना के लिए उनकी आय सबसे महत्वपूर्ण विशिष्टता है। (ii) अधिक आय वाले देश कम आय वाले अन्य देशों की तुलना में अधिक विकसित समझे जाते हैं। (iii) यह इस समझ पर आधारित है कि अधिक आय का अर्थ है मानवीय आवश्यकताओं की सभी वस्तुओं का अधिक होना। (iv) जो कुछ लोगों को पसंद है, और जो उनके पास होना चाहिए, वे उन्हें अधिक आय के साथ प्राप्त कर पाएंगे। इसलिए, अधिक आय अपने आप में एक महत्वपूर्ण लक्ष्य समझा जाता है। (v) कोई अन्य प्रासंगिक बिंदु। **(किन्हीं दो बिन्दुओं की व्याख्या अपेक्षित है।)** **विश्व बैंक द्वारा किया गया वर्गीकरण-** विश्व बैंक द्वारा (2019 में) प्रकाशित विश्व विकास रिपोर्ट के अनुसार, (i) जिन देशों की प्रति व्यक्ति आय US$ 49,300 प्रति वर्ष और उससे अधिक है, उन्हें उच्च आय वाले देश या अमीर देश कहा जाता है। (ii) जिन देशों की प्रति व्यक्ति आय US$ 2500 से US$ 49,300 के बीच है उन्हें मध्य आय वाले देश कहा जाता है। (iii) जिन देशों की प्रति व्यक्ति आय US$ 2500 या उससे कम है उन्हें निम्न आय वाले देश कहा जाता है। (iv) भारत मध्य आय वाले देशों की श्रेणी में आता है क्योंकि 2019 में इसकी प्रति व्यक्ति आय केवल US$ 6700 प्रति वर्ष थी। (v) कोई अन्य प्रासंगिक बिंदु। **(किन्हीं तीन बिन्दुओं की व्याख्या अपेक्षित है।)** **अथवा**	**8 E**	**2+3=5**

	(ख) भारत के कई भागों में भूमिगत जल के अत्यधिक उपयोग ने किस प्रकार गंभीर संकट उत्पन्न कर दिया है? धारणीय विकास के संदर्भ में उदाहरणों सहित व्याख्या कीजिए। (i) भूमिगत जल नवीकरणीय संसाधन का एक उदाहरण है। इस संसाधन की आपूर्ति प्रकृति द्वारा की जाती है। (ii) लेकिन यहाँ भी अत्यधिक सिंचाई, उद्योग आदि द्वारा इस संसाधन का अति-उपयोग किया जा रहा है। (iii) भूमिगत जल के मामले में, यदि हम वर्षा द्वारा पुनः पूर्ति की जाने वाली मात्रा से अधिक उपयोग करते हैं तो हम इस संसाधन का अति उपयोग कर रहे होंगे। **(किन्हीं दो बिन्दुओं की व्याख्या अपेक्षित है।)** **धारणीय विकास के संदर्भ में उदाहरण:** (i) हाल के प्रमाणों से पता चलता है कि देश के कई हिस्सों में भूमिगत जल के अति उपयोग होने का गंभीर ख़तरा है। (ii) कई जिलों में जल स्तर में तेज़ गिरावट गिरावट दर्ज की गई है। (iii) देश का लगभग एक-तिहाई हिस्सा अपने भूजल भंडार का अति उपयोग कर रहा है। (iv) यदि इस संसाधन का उपयोग करने का वर्तमान तरीका जारी रहा तो आने वाले वर्षों में, देश के अधिकाँश हिस्सों में जल का अभाव हो जाएगा। (v) भूमिगत जल का अति उपयोग विशेष रूप से पंजाब और पश्चिमी उत्तर प्रदेश के कृषि की दृष्टि से समृद्ध क्षेत्रों, मध्य और दक्षिण भारत के कठोर चट्टानी पठारी क्षेत्रों, कुछ तटीय क्षेत्रों और तेजी से बढ़ती शहरी बस्तियों में पाया जाता है। (vi) कोई अन्य प्रासंगिक बिंदु। **(किन्हीं तीन बिन्दुओं की व्याख्या अपेक्षित है।)**	**14 E**	**2+3=5**
	खण्ड ङ **(केस/ स्रोत आधारित प्रश्न)**		**3X4=12**
34	**दिए गए स्रोत को पढ़िए और उसके नीचे दी गए प्रश्नों के उत्तर दीजिए:** **मुद्रण संस्कृति और फ्रांसीसी क्रांति** कई इतिहासकारों का मानना है कि मुद्रण संस्कृति ने फ्रांसीसी क्रांति के लिए अनुकूल परिस्थितियाँ पैदा कीं। इस संबंध में मूलत: कुछ तर्क देखने लायक हैं। पहला : छपाई के चलते ज्ञानोदय के चिंतकों के विचारों का प्रसार हुआ। उनके लेखन ने कुल मिलाकर परंपरा, अंधविश्वास और निरंकुशवाद की आलोचना पेश की। उन्होंने रीति-रिवाजों की जगह विवेक के शासन पर बल दिया, और माँग की कि हर चीज़ को तर्क और विवेक की कसौटी पर ही कसा जाए। उन्होंने चर्च की धार्मिक और राज्य की निरंकुश सत्ता पर प्रहार करके परंपरा पर आधारित सामाजिक व्यवस्था को दुर्बल कर दिया। वॉल्तेयर और रूसो के लेखन का व्यापक पाठक-वर्ग था, और उनके पाठक एक नए, आलोचनात्मक, सवालिया और तार्किक नज़रिये से दुनिया देखने लगे थे। दूसरा : छपाई ने वाद-विवाद-संवाद की नयी संस्कृति को जन्म दिया। सारे पुराने मूल्य, संस्थाओं और मानदंडों पर आम जनता के बीच विचार-विमर्श हुआ और उनके पुनर्मूल्यांकन का सिलसिला शुरू हुआ। तर्क की ताक़त से परिचित यह नयी 'पब्लिक' धर्म और आस्था को प्रश्नांकित करने का मोल समझ चुकी थी। इस तरह बनी 'सार्वजनिक दुनिया' से सामाजिक क्रांति के नए विचारों का सूत्रपात हुआ।	**115 H**	**1+1+2=4**

	34.1. ज्ञानोदय के चिंतकों के विचारों का समाज पर क्या प्रभाव पड़ा? (1) (i) ज्ञानोदय के चिंतकों के लेखन ने परंपरा, अंधविश्वास और निरंकुशता पर आलोचना पेश की। (ii) उन्होंने रीति-रिवाजों की जगह विवेक के शासन पर बल दिया। (iii) विचारकों ने मांग की कि हर चीज़ को तर्क और विवेक की कसौटी पर हीं कसा जाए। (iv) कोई अन्य प्रासंगिक बिंदु। **(किसी एक बिंदु का उल्लेख अपेक्षित है।)** **34.2. फ़्रांस में मुद्रण संस्कृति ने धर्म को किस प्रकार प्रभावित किया? (1)** (i) ज्ञानोदय के चिंतकों ने चर्च की पवित्र सत्ता पर हमला किया। (ii) उन्होंने लोगों को दुनिया को नई दृष्टि से देखने के लिए प्रेरित किया, ऐसी दृष्टि जो प्रश्नवाचक, आलोचनात्मक और तर्कसंगत थीं। (iii) कोई अन्य प्रासंगिक बिंदु। **(किसी एक बिंदु का उल्लेख अपेक्षित है।)** **34.3. मुद्रण संस्कृति ने फ़्रांस में किस प्रकार सामाजिक क्रांति में योगदान दिया? (2)** (i) मुद्रण संस्कृति ने वाद-विवाद की एक नई संस्कृति को जन्म दिया। (ii) सारे पुराने मूल्य, संस्थाओं और कायदों पर आम जनता के बीच बहस-मुबाहिसे हुए और उनके पुनर्मूल्यांकन का सिलसिला शुरू हुआ। (iii) लोगों ने मौजूदा विचारों और मान्यताओं पर सवाल उठाने की आवश्यकता को पहचाना और सामाजिक क्रांति के नए विचार अस्तित्व में आए। (iv) कोई अन्य प्रासंगिक बिंदु। **(किन्हीं दो बिन्दुओं की व्याख्या अपेक्षित है।**)		
35	**दिए गए स्रोत को पढ़िए और उसके नीचे दी गए प्रश्नों के उत्तर दीजिए:** **भारत में विकेंद्रीकरण** विकेंद्रीकरण की ज़रूरत हमारे संविधान में भी स्वीकार की गई। इसके बाद से गाँव और शहर के स्तर पर सत्ता के विकेंद्रीकरण की कई कोशिशें हुई हैं। सभी राज्यों में गाँव के स्तर पर ग्राम पंचायतों और शहरों में नगरपालिकाओं की स्थापना की गई थी। पर इन्हें राज्य सरकारों के सीधे नियंत्रण में रखा गया था। इन स्थानीय सरकारों के लिए नियमित ढंग से चुनाव भी नहीं कराए जाते थे। इनके पास न तो अपना कोई अधिकार था न संसाधन। इस प्रकार प्रभावी ढंग से सत्ता का विकेंद्रीकरण नाम मात्र का हुआ था। वास्तविक विकेंद्रीकरण की दिशा में एक बड़ा कदम 1992 में उठाया गया। संविधान में संशोधन करके लोकतांत्रिक शासन व्यवस्था के इस तीसरे स्तर को ज़्यादा शक्तिशाली और प्रभावी बनाया गया।	**24 P**	**1+1+2 =4**

	35.1. भारतीय संविधान में सत्ता का विकेंद्रीकरण कितने स्तरों पर किया गया है? (1) - केंद्र/ राज्य/ स्थानीय शासन (ग्रामीण एवं शहरी) **35.2. समस्याओं के समाधान में स्थानीय स्व-शासन की भूमिका को स्पष्ट कीजिए। (1)** (i) अनेक समस्याएं और मुद्दे हैं जिन्हें स्थानीय स्तर पर ही सुलझाया जाना सबसे अच्छा है। (ii) लोगों को अपने इलाके की समस्याओं के बारे में बेहतर समझ होती है। (iii) लोगों को इस बात की अच्छी जानकारी होती है कि पैसा कहाँ खर्च किया जाए और चीज़ों का अधिक कुशलता से उपयोग किस प्रकार किया जा सकता है। (iv) कोई अन्य प्रासंगिक बिंदु **(किसी एक बिंदु का उल्लेख अपेक्षित है।)** **35.3 "स्थानीय सरकारों की स्थापना स्व-शासन के लोकतांत्रिक सिद्धांत को वास्तविक बनाने का सबसे अच्छा तरीका है।" इस कथन की व्याख्या कीजिए। (2)** (i) स्थानीय सरकार विविध समूहों का प्रतिनिधित्व सुनिश्चित करती है। (ii) लोगों के लिए निर्णय लेने में सीधे भाग लेना संभव है। (iii) यह लोगों की बड़ी भागीदारी के माध्यम से लोकतंत्र को गहरा बनाता है। (iv) कोई अन्य प्रासंगिक बिंदु। **(किन्हीं दो बिन्दुओं की व्याख्या अपेक्षित है।)**		
36	**दिए गए स्रोत को पढ़िए और उसके नीचे दी गए प्रश्नों के उत्तर दीजिए:** **अरुण की कहानी** अरुण एक किसान मज़दूर के काम का निरीक्षण करता है। अरुण के पास 7 एकड़ ज़मीन है। अरुण सोनपुर के उन कुछ लोगों में से है, जिसे खेती के लिए बैंक से ऋण मिला है। इस ऋण पर वार्षिक ब्याज दर 8·5 प्रतिशत है और इसे अगले तीन वर्षों में कभी भी लौटाया जा सकता है। अरुण की योजना है कि वे फसल तैयार होने पर अपनी उपज का कुछ हिस्सा बेचकर इस ऋण की अदाएगी कर देगा। वह बाकी आलू की फसल को शीत भंडार गृह में रखकर बैंक से इसके बदले नया ऋण लेने के लिए आवेदन देना चाहता है। बैंक उन किसानों को ऐसी सुविधा देने के लिए तैयार है जो पहले ही खेती के लिए उससे ऋण ले चुके हैं। **36.1 अरुण का ऋण किस स्रोत के अंतर्गत आता है? (1)** - बैंक/ औपचारिक स्रोत **36.2. बैंक से ऋण लेने की एक प्रमुख शर्त का उल्लेख कीजिए। (1)** (i) समर्थक ऋणाधार	**46 E**	**1+1+2 =4**

	(ii) ब्याज दर (iii) आवश्यक कागजात (iv) भुगतान के तरीके (v) कोई अन्य प्रासंगिक बिंदु **(किसी एक बिंदु का उल्लेख अपेक्षित है।)** **36.3. अरुण का ऋण किस प्रकार लाभकारी है? किन्हीं दो कारणों की व्याख्या कीजिए। (2)** (vi) ब्याज दर कम है। (vii) ऋण अगले तीन वर्षों में कभी भी आसानी से चुकाया जा सकता है। (viii) कम ब्याज दर के कारण वह पूंजी बचा सकता है और अन्य उद्यमों या खेती के लिए आवश्यक सामानों की खरीदारी में निवेश कर सकता है। (ix) कोई अन्य प्रासंगिक बिंदु **(किन्हीं दो बिन्दुओं की व्याख्या अपेक्षित है।)**		
	खण्ड च **(मानचित्र कौशल आधारित प्रश्न)**		**(2+3=5)**
37	**(क) भारत के दिए गए राजनीतिक रेखा-मानचित्र (पृष्ठ-27 पर), में दो स्थानों को 'A' और 'B' के रूप में अंकित किया गया है। निम्नलिखित जानकारी की सहायता से उनकी पहचान कीजिए और उनके सही नाम समीप खींची गई रेखाओं पर लिखिए:** A. वह स्थान जहाँ दिसंबर 1927 में भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस का अधिवेशन हुआ था। **-मद्रास (चेन्नई)** B. वह स्थान जहाँ जलियाँवाला बाग़ की घटना घटित हुई थी। -**अमृतसर** **(उत्तर के लिए संलग्न मानचित्र देखिए।)** **नोट: निम्नलिखित प्रश्न केवल दृष्टिबाधित परीक्षार्थियों के लिए प्रश्न संख्या 37 (क) के स्थान पर है।** (क) (i) उस स्थान का नाम लिखिए जहाँ दिसंबर 1927 में, भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस का अधिवेशन हुआ था। **- मद्रास (चेन्नई)** (ii) उस स्थान का नाम लिखिए जहाँ जलियाँवाला बाग़ की घटना घटित हुई थी। - **अमृतसर**		**2X1=2** **2X1=2**

	(ख) भारत के इसी राजनीतिक रेखा-मानचित्र में, निम्नलिखित में से किन्हीं तीन को उपयुक्त चिह्नों से दर्शाइए और उनके नाम लिखिए: (i) पूर्व-पश्चिम गलियारे का पूर्वी टर्मिनल स्टेशन (ii) कॉफ़ी उत्पादन में अग्रणी राज्य (iii) उत्तर प्रदेश में स्थित परमाणु उर्जा संयंत्र (iv) ओडिशा में स्थित प्रमुख समुद्री पत्तन **(उत्तर के लिए संलग्न मानचित्र देखिए।)** **नोट: निम्नलिखित प्रश्न केवल दृष्टिबाधित परीक्षार्थियों के लिए प्रश्न संख्या 37 (ख) के स्थान पर है।** **(ख) किन्हीं तीन प्रश्नों के उत्तर दीजिए।** (i) पूर्व-पश्चिम गलियारे के पूर्वी टर्मिनल स्टेशन का नाम लिखिए। - **सिलचर (असम)** (ii) कॉफ़ी उत्पादन में अग्रणी राज्य का नाम लिखिए। - **कर्नाटक** (iii) उस स्थान का नाम लिखिए जहां उत्तर प्रदेश में परमाणु उर्जा संयंत्र स्थित है। - **नरौरा** (iv) उस स्थान का नाम लिखिए जहां ओडिशा में एक प्रमुख समुद्री पत्तन स्थित है। - **पारादीप**		**3X1=3** **3X1=3**

प्रश्न सं. 37 के लिए Set- 32/2/1,2,3 For question no. 37

